राज्यपाल सचिवालय, बिहार

राजभवन, पटना–800022

अपीलीय प्राधिकार के समक्ष सूचना का अधिकार संबंधी अपील वाद संख्या–68 (लो0सू0अ0)/2023–24

श्री अजय कुमार तिवारी (मुनमुन), पता–महात्मा गाँधी नगर, कटिरा तालाव, आरा, भोजपुर, बिहार

बनाम

लोक सूचना पदाधिकारी, राज्यपाल सचिवालय, बिहार

आदेश की क्रम संख्या एवं तिथि	आदेश फलक
09.08.2023	श्री अजय कुमार तिवारी (मुनमुन), पता–महात्मा गाँधी नगर, कटिरा तालाव, आरा, भोजपुर, बिहार के माध्यम से एक प्रथम अपील आवेदन दिनांक–06.08.2023 इस कार्यालय में दिनांक–09.08.2023 को प्राप्त हुआ है। उक्त अपील आवेदन के साथ शुल्क के रूप में 10/- रूपए का पोस्टल ऑर्डर संख्या–**59F 893555** दिनांक–अस्पष्ट संलग्न है। इसे आवश्यक कार्रवाई हेतु लेखा शाखा को भेजे। अपीलकर्त्ता श्री अजय कुमार तिवारी (मुनमुन) ने अपने अपील आवेदन में यह सूचित किया है कि उनके द्वारा दिनांक–02.07.2023 को सूचना अधिकार अधिनियम– 2005 के अन्तर्गत सूचना प्राप्त करने हेतु आवेदन लोक सूचना पदाधिकारी, राज्यपाल सचिवालय, बिहार, पटना को निबंधित डाक से दिया था, परंतु सूचना लोक सूचना पदाधिकारी द्वारा गलत ढंग से हस्तांतरित किये जाने के फलस्वरूप प्रथम अपीलीय प्राधिकार के समक्ष प्रथम अपील दायर किया है। साथ ही उन्होंने उक्त अपील आवेदन के साथ प्रपत्र 'क' दिनांक–02.07.2023 की छाया प्रति भी संलग्न की है। अतः लोक सूचना पदाधिकारी, राज्यपाल सचिवालय से उपर्युक्त प्रपत्र 'क' दिनांक–02.07.2023 से संबंधित अभिलेख की मॉग करें तथा अभिलेख पुनः सुनवाई हेतु दिनांक–30.08.2023 को उपस्थापित करें। सभी संबंधित को सूचित करें। 9/8/2023 विशेष कार्य पदाधिकारी –सह– प्रथम अपीलीय प्राधिकार

ज्ञापांक-1280/रा0स0(III) दिनांक-11.08.2023

प्रतिलिपिः-लोक सूचना पदाधिकारी, राज्यपाल सचिवालय, पटना/श्री अजय कुमार तिवारी (मुनमुन पता-महात्मा गाँधी नगर, कटिरा तालाव, आरा, भोजपुर, बिहार को सूचना एवं आवश्यक कार्रवाई हे प्रेषित।

आई टी. प्रबंधक, एन.आई.सी., राजभवन, पटना को आदेश के प्रति अपलोड करने हेतु प्रेषित।

9/8/2023

विशेष कार्य पदाधिकारी